मेरे खाटू वाले बाबा का लो आज जन्मदिन आया है

मेरे खाटू वाले बाबा का लो आज जन्मदिन आया है,
ढप ढोल नगाड़े बाज रहे घर घर में आनंद छाया है,
मेरे खाटू वाले बाबा का लो आज जन्मदिन आया है,

कलयुग का देव निराला है ये भगतो का रखवाला है,
ये उनकी बाह पकड़ लेता यो शरण श्याम की आया है,
मेरे खाटू वाले बाबा का लो आज जन्मदिन आया है,

हारे का यही सहारा है ये दीनो का रखवारा है,
जिस ने भी मन से नाम लिया इस पल में हाजिर पाया है,
मेरे खाटू वाले बाबा का लो आज जन्मदिन आया है,

पांडव कुल का ये वंसज है
निर्बल निर्धन का रक्श्क है
माता को जो संकल्प दिया इस ने वो वचन निभाया है,

सब लोग वधाई बांट रहे खुशियों से सारे नाच रहे,
एह हर्ष लगा तू भी ठुमका नाचन का मोसम आया है,
ढप ढोल नगाड़े बाज रहे घर घर में आनंद छाया है,
मेरे खाटू वाले बाबा का लो आज जन्मदिन आया है,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19264/title/mere-khatu-vale-baba-ka-lo-aaj-janamdin-aya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |